# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
## Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
मोहान रोड, लखनऊ दूरभाष नं0– 0522–2891393 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in


पत्रांकः 105 / कु0कै0कार्या0 / डा.श.मि.रा.पु.वि. / 2017–18, लखनऊ, दिनांक : 17 सितम्बर, 2017

आवश्यक / महत्वपूर्ण

सेवा में,

समस्त अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय।

**विषयः विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दिव्यांग विद्यार्थियों को वोकेशनल प्रशिक्षण दिए जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध में समर्थनम ट्रस्ट फार डिसेबिल्ड Mohd. Shehzad E-18A, E block, East of Kailash, New Delhi-110065M.No. 91-11-49049515/16, 919540213036 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दिव्यांगजन 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिए जाने का कार्यक्रम संचालित किया जाना है। प्रशिक्षण के समय उन्हें प्रवास एवं भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था भी दी जा रही है और प्रशिक्षण के उपरान्त उनको सेवायोजित कराने की व्यवस्था भी की जानी है।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिव्यांग विद्यार्थियों को निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होगीः–

1. आधार कार्ड
2. विकलांगता प्रमाण पत्र
3. इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अंकपत्र
4. 04 फोटोग्राफ

अतः उपर्युक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग के अधीन अध्ययनरत् समस्त दिव्यांग छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी देने का कष्ट करें ताकि इच्छुक दिव्यांग छात्रों को तीन माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपने सुविधानुसार करने के लिए निर्णय कर सकें।

**संलग्नकः यथावत्।**

(अखिलेन्द्र कुमार)
कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. स्टाफ आफिसर, कुलपति, विश्वविद्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता (छात्र कल्याण), विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से समस्त दिव्यांग विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए लाभान्वित कराने का कष्ट करें।
3. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित की विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करना सुनिश्चत करें।

(अखिलेन्द्र कुमार)
कुलसचिव